तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 12 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 महिलाएं आज शिक्षा, स्वास्थ्य समेत हर क्षेत्र में आगे



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा आज

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सामान्य सभा की बैठक 12 मार्च को दोपहर 12:30 बजे जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह करेंगे। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, परिवार सहायता योजना, 15 वें वित्त आयोग की योजनाएं, विकसित भारत योजना सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके पश्चात सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए पन्ना ने सभी जनपद सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### राजेश बने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा छग प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकण्डेय एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ने झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी कर दी है। इसमें कोरिया जिले से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय, अनुभवी राजेश साहू को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने से कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। श्री साहू पूर्व में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, सोशल मीडिया के जिला सह संयोजक सहित पार्टी के अनेक दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया है।

### निःशुल्क मिलेंगी दिव्य सामग्रियां

**बिजुरी।** क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अवसर होने जा रहा है। मां मातंगी धाम के तत्वावधान में 17 मार्च तक सात दिवसीय निःशुल्क त्रिकालदर्शी महा दिव्य दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भक्तों की समस्याओं का आध्यात्मिक समाधान किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार इस दरबार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को विभिन्न दिव्य सामग्रियां पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रशासनिक कार्यों को गति देने और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। कलेक्टर ने कार्यालयीन अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे से पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने फाइलों के मूवमेंट को पारदर्शी बनाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए।

### लोहे की रेलिंग की जगह बांस, टूटे झूले और गंदगी से पटा पर्यटन स्थल

# राष्ट्रीय पहचान वाला अमृतधारा जलप्रपात बदहाली का शिकार

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले को राष्टीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला प्रसिद्ध अमृत धारा जलप्रपात इन दिनों बदहाल व्यवस्था और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार होता दिखाई दे रहा है। कभी प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल इस प्राकृतिक धरोहर की वर्तमान स्थिति देखकर स्थानीय लोग और सैलानी दोनों ही निराश हैं। घने जंगलों के बीच स्थित यह जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के कारण वर्षों से पर्यटकों का आकर्षण केन्द्र रहा है। प्रतिवर्ष काफी संख्या में लोग यहां प्रकृति का आनंद लेने आते हैं, लेकिन अब यहां की बुनियादी सुविधाओं की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पर्यटक भी असुविधा महसूस करने लगे हैं।

जलप्रपात के आसपास पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पहले लोहे के मजबूत एंगल और रेलिंग लगाए गए थे, लेकिन अब कई स्थानों पर वे टूट या गायब हो चुके हैं। उनकी जगह अस्थायी रूप से बांस लगाकर व्यवस्था बनाई गई है, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय युवक संतोष यादव ने नाराजगी जताते हुए कहा अमृतधारा जैसा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पूरे जिले की पहचान है, लेकिन यहां लोहे की मजबूत रेलिंग की जगह बांस लगाकर काम चलाया जा रहा है। अगर कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा।



### बच्चों के झूले टूटे, तितली पार्क उजाड़



पर्यटकों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले लंबे समय से टूटे पड़े हैं। बच्चों के खेलने की जगह भी अब जर्जर स्थिति में है। कई झूलों की जंजीरें टूट चुकी हैं और लोहे के ढांचे जंग खाकर खराब हो चुके हैं। वहीं कभी आकर्षण का केन्द्र रहा तितली पार्क भी अब उजाड़ नजर आ रहा है। पार्क में झाड़ियां उग आई हैं और रख-रखाव के अभाव में यह स्थान वीरान होता जा रहा है। स्थानीय निवासी रीना तिवारी का कहना है कि पहले यहां परिवार के साथ आकर बहुत अच्छा लगता था। बच्चों के लिए झूले और साफ-सफाई रहती थी, लेकिन अब स्थिति देखकर दुख होता है। पर्यटकों को जलप्रपात का सुंदर दृश्य दिखाने के लिए बनाए गए वॉच टावर भी अब रख-रखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई हिस्सों में लोहे और लकड़ी के ढांचे कमजोर हो चुके हैं। ऐसे में वॉच टावर पर चढ़ना भी जोखिम भरा हो गया है।

### गंदगी से बिगड़ रही छवि



पर्यटन स्थल के कई हिस्सों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स के पैकेट और अन्य कचरा खुले में पड़ा रहता है। नियमित सफाई नहीं होने से यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो इस प्राकृतिक स्थल की सुंदरता और पहचान दोनों पर असर पड़ेगा। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई लोग जलप्रपात के नीचे जाकर नहाने लगते हैं। बारिश या अधिक जल प्रवाह के समय यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश गुप्ता ने कहा कि प्रतिवर्ष जलप्रपातों पर हादसों की खबरें आती हैं, लेकिन लोग और प्रशासन दोनों इससे सबक नहीं लेते। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

**आखिर कब जागेगा प्रशासन-** जिले की पहचान बने इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल की बदहाल स्थिति को देखकर स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इसकी सुध कौन लेगा।

### पर्यटन की अपार संभावनाएं

स्थानीय लोगों का मानना है कि अमृतधारा जलप्रपात में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यदि यहां उचित रख-रखाव, साफ-सफाई और सुविधाओं का विकास किया जाए तो यह स्थान प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। युवा अजय सिंह का कहना है कि यह जगह प्राकृतिक रूप से बहुत खूबसूरत है। अगर यहां सही तरीके से विकास हो तो एमसीबी जिले में पर्यटन को नई पहचान मिल सकती है।

### बिजली के पोल और लाइटें भी खराब

परिसर में लगाए गए कई बिजली के पोल और लाइटें खराब पड़ी हैं। शाम होते ही कई जगह अंधेरा छा जाता है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ जाती है। स्थानीय दुकानदार रामकिशोर साहू कहते है कि अगर यहां रोशनी और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो तो पर्यटक ज्यादा देर तक रूकेंगे और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। अभी लोग जल्दी वापस लौट जाते हैं।

### लोगों की मांग है कि टूटी रेलिंग और झूलों की मरम्मत की जाए

वॉच टावर और बिजली व्यवस्था दुरूस्त की जाए, नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो, सुरक्षा के लिए सख्त इंतजाम किए जाएं, तितली पार्क को फिर से विकसित किया जाए, ताकि अमृतधारा जलप्रपात फिर से अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति पर कब ध्यान देता है, ताकि दूर-दराज से आने वाले सैलानियों को निराश होकर वापस न लौटना पड़े।

# पीएम आवास ने दी सुकून की छांव



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

ग्राम पंचायत रटगा निवासी श्रीमती जनिया बाई की कहानी महिला सशक्तिकरण, संघर्ष और आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल है। सीमित संसाधनों और अनेक कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने साहस व मेहनत के बल पर अपने परिवार को संभालते हुए नई राह बनाई।

जनिया बाई के पति नधीर सिंह परिवार के मुख्य सहारा थे, लेकिन नधीर सिंह के असमय निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। आर्थिक और मानसिक रूप से यह समय बेहद चुनौतीपूर्ण था। दो बच्चों की जिम्मेदारी के साथ जीवन-यापन करना उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। इसी बीच उनके बड़े बेटे के मानसिक रूप से अस्वस्थ हो जाने से परिवार की परेशानियां और बढ़ गईं, इसके बावजूद जनिया बाई ने मजदूरी और खेती-किसानी का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण जारी रखा। गांव में जब भी मजदूरी का काम मिलता, वे उसे पूरी मेहनत और लगन से करती थीं। जनिया बाई लंबे समय तक एक कच्चे और कमजोर मकान में रहती थीं। बरसात के दिनों में छत और दीवारों से पानी टपकने के कारण घर में रहना मुश्किल हो जाता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनवाना उनके लिए संभव नहीं था।

ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके जीवन में उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना के तहत उन्हें पक्का आवास स्वीकृत हुआ। जनिया बाई ने केवल योजना की सहायता पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं भी घर निर्माण में मेहनत की मनरेगा के अंतर्गत मिलने वाली मजदूरी में काम कर उन्होंने उस राशि को भी अपने घर के निर्माण में लगाया। उनकी मेहनत और लगन का परिणाम यह हुआ कि उनका पक्का मकान समय पर बनकर तैयार हो गया।

# एमसीबी के 28 हजार किसानों को मिलेगा 5 करोड़ का लाभ

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के किसानों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। योजना की 22 वीं किस्त 13 मार्च 2026 को जारी की जाएगी, जिसके तहत जिले के हजारों किसानों के बैंक खातों में सीधे राशि हस्तांतरित की जाएगी।

उप-संचालक कृषि, जिला मनेन्द्र्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नेन्द्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे देशभर के किसानों के खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर पर जिले के लगभग 28,145 पात्र किसानों के बैंक खातों में 2,000 की किस्त सीधे जमा की जाएगी। इसके लिए जिले को कुल 5.65 करोड़ की राशि प्राप्त होगी, जिससे किसानों को कृषि कार्यों में आर्थिक सहयोग मिलेगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार 13 मार्च को जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियों (फार्मर्स मीट) का आयोजन किया जाएगा तथा किसानों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (वेबकास्ट) दिखाया जाएगा।

### किसानों से अपील

उप-संचालक कृषि ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे निम्नलिखित आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें, जिससे उन्हें योजना की किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए। जिन किसानों का केवाईसी लंबित है, वे इसे तुरंत पूर्ण कराएं। आधार सीडिंग, अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराकर डीबीटी सक्षम कराएं। फार्मर आईडी (एग्रीस्टैक)- एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपनी फार्मर आईडी बनवाएं। किसान इन कार्यों के लिए अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, किसान चॉइस सेंटर या विकासखंड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विभाग का उद्देश्य है कि जिले का कोई भी पात्र किसान तकनीकी कारणों से योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा सभी किसानों को समय पर योजना की राशि प्राप्त हो सके।

### महिला शक्ति को मिला सम्मान

# बिहान योजना व अन्य विधा से जुड़ी महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं, बिहान योजना से जुड़ी महिला कैडर्स व जागरूक माताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सेक्टरों की करीब 19 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पोषण, बच्चों की नियमित उपस्थिति, शालापूर्व शिक्षा, पोषण वाटिका निर्माण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पोषण ट्रैकर ऐप में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कई कार्यकर्ताओं ने 100 प्रतिशत टीएचआर वितरण, पोषण ट्रैकर के सभी इंडिकेटर पूर्ण करने और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने में उल्लेखनीय कार्य किया है, इसके अलावा बिहान योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 10 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकारिता के पेशे से आने वाली पत्रकार श्रीमती कमरून निशा को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वस्थ बच्चा-जागरूक महतारी श्रेणी में भी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन माताओं ने बच्चों के बेहतर पोषण, आंगनबाड़ी सेवाओं के नियमित उपयोग, रेडी-टू-ईट एवं गरम भोजन के सेवन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेकर स्वस्थ बाल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की मजबूत आधारशिला हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# युवा शक्ति से सशक्त होगा ग्रामीण भारत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा माई भारत के सहयोग से देशभर में विकसित भारत जी राम जी यूथ डिजिटल अभियान की शुरूआत की गई है। इस राष्टव्यापी डिजिटल अभियान का उद्देश्य युवाओं को ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन तथा आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जोड़ना है।

- विकसित भारत जी राम जी डिजिटल अभियान से जुड़ेंगे युवा

अभियान के तहत युवाओं के लिए वीडियो चैलेंज, ऑनलाइन क्विज तथा लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। वीडियो चैलेंज में प्रतिभागी किसी भी भारतीय भाषा में 30 से 60 सेकंड का वीडियो बनाकर माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

वीडियो रील का आकार 25 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए। इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। उत्कृष्ट और चयनित प्रतिभागियों को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा। अभियान के अंतर्गत विकसित भारत जी राम जी क्विज का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### लोगो डिजाइन पर मिलेगा 50 हजार का पुरस्कार

इसके अलावा माई गर्वमेंट पोर्टल पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के लिए लोगों डिजाइन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है। इसमें प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। सर्वश्रेष्ठ लोगों डिजाइन को 50 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से युवा अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत कर सकेंगे। यह अभियान युवा शक्ति, पंचायत की प्रगति की भावना के साथ ग्रामीण भारत के समग्र विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं से इस डिजिटल अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### जान माल की सुरक्षा के लिए पुलिस को ध्यान देने की जरुरत

# जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं मजदूर, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जान जोखिम में डालकर मजदूर कई वाहन में सवार दिखाई पड़ते हैं, ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने की जरूरत है, ताकि इनके जान माल का नुकसान नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के बचरापोड़ी क्षेत्र के अलावा पड़ोसी सूरजपुर जिला अंतर्गत रामानुजनगर क्षेत्र से प्रतिदिन मजदूर विभिन्न जगहों पर कार्य करने के लिए जिला मुख्यालय व आस-पास के कई क्षेत्रों में पहुंचते है।

विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले मजदूरों को मालवाहक वाहन पिकप में क्षमता से अधिक ठूंस ठूंस कर प्रतिदिन ढोया जाता है। यही नहीं कई



पिकअप में लटके हुए मजदूर

मजदूर तो पिकप वाहन के पीछे भी लटकर सवारी करते है, ऐसे में कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। घर से मजदूर रोजी-रोटी के लिए प्रतिदिन सूरजपुर जिले के रामानुजनगर क्षेत्र के अलावा कोरिया जिले के बचरापोड़ी क्षेत्र से प्रतिदिन का यह हाल है, ऐसे नजारे जिला मुख्यालय में सुबह व शाम दिखाई पड़ते हैं। मजदूरों को रोजी-रोटी कमान के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। सुरक्षित सड़क यातायात के लिए जरूरी है कि लापरवाही पूर्वक मालवाहक वाहन में मजदूरों ढोने पर कार्रवाई करने की जरूरत है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण ही लगातार इस तरह के नजारे देखने को मिलते रहते हैं। हालांकि मजदूर मजबूरी में मालवाहक वाहन में रोटी-रोटी के लिए जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन आना जाना करते हैं, लेकिन मजदूरों की विवशता को देख इस तरह की लापरवाही पर छूट देना मजदूरों के जान को हमेशा ही संभावित दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### ऑटो में भी इस तरह के नजारे

कोरिया जिला मुख्यालय एवं आस-पास के क्षेत्रों में रामानुजनगर क्षेत्र के अलावा बचरापोड़ी क्षेत्र से बड़ी संख्या में मजदूर प्रतिदिन मालवाहक वाहन पिकप में ठूंस ठूंस कर एवं असुरक्षित तरीके से वाहन के पीछे लटक कर चलते हैं। इस तरह के पिकप कई संख्या में प्रतिदिन आते हैं, लेकिन इसके अलावा ऑटो में भी विभिन्न क्षेत्रों से मजदूर क्षमता से अधिक बैठकर शहर व आस पास के क्षेत्र में आते हैं। इस तरह का दृश्य शहर के साप्ताहिक बाजार दिवस के दिन भी दिखने को मिलते हैं।

### घाटी क्षेत्र में भी असुरक्षित सवारी

मजदूरों को पिकप वाहन के अलावा ऑटो में असुरक्षित तरीके से क्षमता से अधिक भरकर चलने की घटना सामान्य सड़क मार्ग पर तो नियमित ही देखने को मिलते रहता हैं, लेकिन जिले के घाटी वाले क्षेत्रों में भी बे रोक टोक पिकप व ऑटो वाहन में भरकर मजदूरों को लाते ले जाते देखा जा सकता है। बकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर भी इस तरह के दृश्य आए दिन देखने को मिलते हैं। सोनहत मार्ग पर शिवघाट में खतरनाक टर्निंग हैं, ऐसे में क्षमतार से अधिक लोगों को भरकर आने जाने के कारण दुर्घटना होने की अधिक संभावना रहती हैं। सुरक्षित सड़क आवागमन के लिए ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने की जरूरत हैं।

**मालवाहक वाहन में लोगों के ढोने का नियम नहीं-** जानकारी के अनुसार मालवाहक वाहन पिकप, ट्रेक्टर में लोगों के ढोने का नियम नहीं है। इन वाहनों में सामानों की दुलाई किया जाना चाहिए। शेष पेज 4 पर

# मंसूरी को बनाया गया कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर जिला एमसीबी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के द्वारा भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक के अनुशंसा पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश पटेल के द्वारा ग्राम चैनपुर निर्विरोध पंच मोहम्मद अकरम मंसूरी ग्रामीण ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया है।

मोहम्मद अकरम मंसूरी विगत कई वर्षों से चैनपुर के पंच के पद पर रहे हैं, समय-समय पर कांग्रेस की सभी आंदोलन में और आयोजनों में अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहते हैं। पूर्व विधायक गुलाब कमरो के कट्टर समर्थक माने जाते और वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन के बहुत करीबी माने जाते हैं और ग्राम चैनपुर की जन समस्याओं को लेकर वह पूर्व विधायक गुलाब कमरो को अवगत कराते रहते हैं और ग्राम पंचायत चैनपुर में कई आंदोलन किया है गरीब जनता आदिवासी कई समस्याओं दूर करते रहे ,जब कांग्रेस पार्टी की सत्ता रही, तब गरीब जनता आदिवासी की काफी सहायता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं बखूबी निभाऊंगा और गरीब जनता आदिवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगा। साथ ही कांग्रेस पार्टी की जनधार और युवाओं को यकृत कर जनधार बढ़ाने को अग्रसर रहूंगा। इनकी नियुक्ति पर मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी रहे।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत
## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।



# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

## 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

## बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।





## घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

## कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे।'

## बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप

### खेल प्रतियोगिताओं के साथ मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं युवा खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, इनमें जिले की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छग महतारी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक एवं लंबी कूद जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### नागपुर मंडल में 12-13 मार्च को होगा प्रशिक्षण महाभियान

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के नागपुर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 13 मार्च तक साहू पैलेस, नागपुर-चिरमिरी रोड में आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे निर्धारित किया गया है। नागपुर मंडल अध्यक्ष मुनीम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य मंडल स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत बनाना है, ताकि वे पार्टी के सिद्धांतों और जनसेवा के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। मंडल अध्यक्ष मुनीम सिंह, मंडल महामंत्री अमित राय एवं महामंत्री राजबल सिंह ने नागपुर मंडल के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों, मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्षों, महामंत्रियों, इकाई अध्यक्षों तथा मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### पति की पिटाई से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी सुशीला पति रामाधार (37 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। महिला अक्सर घर में रखे धान व चावल को बेचकर शराब पीती थी और कभी एक सप्ताह तो कभी चार दिन बाद घर आती थी। पत्नी के आए दिन नशे में धुत रहने तथा घर के सामान को बेच देने से पति काफी परेशान था। 8 मार्च को पत्नी नशे की हालत में घर और भोजन कर सो गई। दोपहर लगभग 3.30 बजे उठकर पड़ोसी के घर चली गई। इसी पति भी उसके पीछे गया और पत्नी को आए दिन शराब पीने से मना किया तो पत्नी विवाद करने लगी। जिस पर पति ने गुस्से में पत्थर से पत्नी पर वार कर दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। इधर पति घर आया और घटना जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को अचेत हालत में वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवकों ने महिला व उसके पति के साथ किया मारपीट

अम्बिकापुर। घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर युवकों ने महिला व उसके पति सहित परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट की। बबीता सूर्यवंशी पति नितेश कुमार (30 वर्ष) होली की शाम परिवार के साथ होली खेल रही थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मालवाहक वाहन में ...

लेकिन नियमों को धत्ता बताते हुए कोरिया जिले में मालवाहक वाहन में लोगों के ढोने का नियम न होने के बावजूद प्रतिदिन मजदूरों को ढोने का काम मालवाहक पिकअप वाहन द्वारा किया जाता है।

### रेलवे ने गुड्स यार्ड को निरस्त कर उपलब्ध कराया स्थल

# दो अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लूप लाइन निर्माण की बाधा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे इंतजार के बाद रेलवे ने संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित रेलवे स्टेशन में बहुप्रतीक्षित अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं लूप लाइन निर्माण की बाधाओं का निराकरण कर दिया है तथा लम्बे समय से निर्माण स्थल पर संचालित हो रहे गुड्स यार्ड को निरस्त कर कंस्ट्रक्शन कंपनी को स्थल उपलब्ध करा दिया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने निर्माण स्थल के समतलीकरण का कार्य प्रारंभ भी कर दिया है।

**खास बात**
- ठेका कंपनी ने शुरू किया भूमि का समतलीकरण कार्य

रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं नई ट्रेनों के परिचालन के उद्देश्य से लम्बे समय से अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही थी। इस संबंध में सर्वदलीय रेलवे संघर्ष समिति एवं जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी वर्षों से इस मांग को उठा रहे थे। अतिरिक्त प्लेटफार्म के अभाव में दिल्ली-अम्बिकापुर एवं जबलपुर-अम्बिकापुर ट्रेन के यात्रियों को घंटों कमलपुर स्टेशन एवं आउटर में ट्रेन खड़ी होने के कारण इंतजार करना पड़ता था। रेल प्रबंधन भी स्टेशन में उपलब्ध सुविधाओं को पर्याप्त बताकर इस महत्वाकांक्षी मांग को टाल रहा था। रेल सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी एवं सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा इस मामले को बार-बार उठाने पर रेलवे ने सितम्बर 2025 को अतिरिक्त प्लेट फार्म एवं लूप लाइन का टेंडर कराने के बाद ठेका कंपनी को कार्यादेश भी जारी कर दिया लेकिन निर्माण के लिए जगह उपलब्ध नहीं कराया। रेल सलाहकार समिति की बैठक में रेलवे की कार्यप्रणाली पर सदस्यों ने जमकर आलोचना की तो प्रबंधन ने मई 2009 से संचालित हो रहे गुड्स यार्ड को 1 मार्च को निरस्त करने के साथ ही ठेका कंपनी को स्थल उपलब्ध कराया। रेलवे द्वारा अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के लिए स्थल उपलब्ध नहीं कराने के कारण पिछले 6 महीने निर्माण लंबित पड़ा था। रेलवे द्वारा स्थल उपलब्ध कराते ही ठेकेदार मे.मधुसूदन अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के लिए भूमि का समतलीकरण करना प्रारंभ कर दिया है। सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा चार दिन के भीतर भूमिपूजन करने के उपरांत निर्माण में तेजी आने की बात कही जा रही है। रेलवे द्वारा निर्माण पूरा करने के लिए एक साल की अवधि निर्धारित की गई है जिसमें 6 महीने का समय स्थल उपलब्ध कराने में गुजर गया है।



अम्बिकपुर रेलवे स्टेशन।

**यात्री सुविधाओं में होगा विस्तार**

रेलवे ने अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में दो अतिरिक्त प्लेटफार्म के साथ ही एक नई लूप लाइन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही रेलवे ने प्लेटफार्म पर यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए 6 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज एवं डिजिटल कोच डिस्पले प्रणाली निमार्ण करने की स्वीकृति प्रदान की है। दो अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं नई लूप लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद नई ट्रेनों के परिचालन की संभावनाएं बढ़ जाएगी। पूर्व में विभिन्न स्टेशनों पर घंटों खड़ी रहने वाली ट्रेनों का परिचालन अम्बिकापुर स्टेशन से करने की मांग पर रेलवे के अधिकारी अतिरिक्त प्लेटफार्म नहीं होने को कारण टाल रहे थे। अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण पूरा होने के बाद नई ट्रेनों का परिचालन आसान हो जाएगा साथ ही कमलपुर एवं आउटर सिग्नल ट्रेनों को रोकने की मजबूरी भी खत्म हो जाएगी।

**बढ़ रही सुविधाएं**

रेलवे ने अम्बिकापुर स्टेशन को एनएसजी-4 श्रेणी स्टेशन की मान्यता प्रदान की है लेकिन स्टेशन में श्रेणी के अनुकूल यात्री सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। लम्बे समय से उपेक्षित रेलवे स्टेशन में पिछले साल प्लेटफार्म के शेड की लम्बाई बढ़ाने के साथ ही अलग-अलग पार्किंग एवं स्टेशन का सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म तक आवागमन के लिए एक अतिरिक्त मार्ग निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है। रेलवे ने प्रशासन के साथ मिलकर इसका परीक्षण कराने का आश्वासन दिया है। वर्तमान में एकमात्र मार्ग से यात्रियों का आना जाना होने के कारण परेशानी होती है।

**निर्माण के लिए उपलब्ध करा दिया गया है स्थल**

रेलवे द्वारा दो अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं नई लूप लाइन निर्माण के लिए ठेकेदार को 1 मार्च को स्थल उपलब्ध करा दिया गया है।

उमेश कुमार
वरिष्ठ स्टेशन, मास्टर

# पिकअप की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



शहर में मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। शिव चर्चा भवन के पास बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बच्चे ने इलाज के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बस स्टैंड की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे मौजूद 5 वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और बच्चा सड़क के किनारे था, इसके बावजूद वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 3 निवासी लक्ष्मण सोनी आ. गणेश सोनी (5 वर्ष) नदी से नहाकर अपने घर जा रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में गंभीर चोट पाई। हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर ले जाने के दौरान प्रतापपुर के पास रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कुछ देर पहले तक बच्चा अपने साथियों के साथ खेल रहा था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और फरार पिकअप चालक को रामचंद्रपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# नेचर क्लब 6 वर्षों से जिला अस्पताल में मरीजों के परिजन को करा रहा निःशुल्क भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजन के लिए भोजन की व्यवस्था अक्सर बड़ी समस्या बन जाती है। ऐसे समय में सूरजपुर का नेचर क्लब पिछले छह वर्षों से हर शाम सैकड़ों जरूरतमंदों को गरम भोजन उपलब्ध कराकर सेवा और मानवता की मिसाल पेश कर रहा है।

10 मार्च 2020 को समाजसेवी रामकृष्ण ओझा, श्रवण जैन, सुरेश अग्रवाल बाबू, गुलशन मोंगिया, ललन सिंह,अशोक उपाध्याय,रवि नाथ तिवारी, पंकज गुप्ता की पहल से इस सेवा कार्य की शुरुआत हुई, जो आज एक बड़े अभियान का रूप ले चुका है। शुरुआत में मात्र 5 किलो चावल से भोजन बनाकर मरीजों के परिजनों को परोसा जाता था। उस समय फाउंडर मेंबरों ने बारी-बारी से एक-एक दिन की जिम्मेदारी लेकर इस सेवा को आगे बढ़ाया। आज हर दिन करीब 250 से 300 लोगों को गरम भोजन कराया जाता है। भोजन में लगभग 35 से 40 किलो चावल, दाल, सब्जी, अचार और मीठा शामिल रहता है। प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे के बीच जिला चिकित्सालय परिसर में मरीजों के परिजन को यह भोजन सम्मानपूर्वक परोसा जाता है। संस्था की सेवा भावना को देखते हुए अब शहर के लोग भी इससे जुड़ रहे हैं। कई लोग जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि या अन्य अवसरों पर एक दिन के भोजन की व्यवस्था का सहयोग देकर इस सेवा अभियान में भागीदारी निभा रहे हैं। भोजन सेवा के साथ ही नेचर क्लब द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर, हवादार गद्दा, बेड, बैसाखी जैसी आवश्यक सामग्री भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। वहीं जिला चिकित्सालय में वाटर कूलर लगाकर मरीजों और उनके परिजन के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

# महिलाएं आज शिक्षा, स्वास्थ्य समेत हर क्षेत्र में आगे

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन**

हरिभूमि न्यूज. कोरिया कॉलरी



क्षेत्र के सामुदायिक भवन में समर्था सेवा समिति की महिलाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शशिकला श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। समर्था सेवा समिति की महिलाओं ने अतिथियों का फूल-माला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा ने समर्था सेवा समिति की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाओं का एकजुट होकर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और जिम्मेदारी के बल पर आगे बढ़ रही हैं और किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर महिलाएं उनका लाभ उठाएं और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती शशिकला श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समर्था सेवा समिति की सभी बहनों ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति से इस आयोजन को सफल बनाया है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन के साथ-साथ समाज के लिए कार्य करने की भावना ही महिला सशक्तिकरण की सच्ची पहचान है। एक सशक्त विचारों वाली महिला ही एक अच्छे परिवार, समाज और देश का निर्माण करती है। समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता आइच ने कहा कि महिलाओं की प्रगति के लिए केवल योजनाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव भी आवश्यक है। महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। जब महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तब एक सशक्त और समृद्ध राष्ट का निर्माण संभव होता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्टीय महिला दिवस हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करते रहें, ताकि हर महिला को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता आइच, श्रीमती कंचन जायसवाल, श्रीमती कजरी श्रीवास्तव, श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, श्रीमती अपर्णा पाल, श्रीमती किरण जोहल, श्रीमती उषा शिवहरे, श्रीमती कंचन ठाकुर, श्रीमती बरनाली भट्टाचार्य, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती कमला सोनवानी, श्रीमती सुमिला बाक्सल सहित समिति की अन्य सदस्य एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# शासकीय स्कूल में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।






संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला पुलिस लाइन बैकुंठपुर में आयुष विंग जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के लिए ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही ग्रीष्म ऋतु में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों, उनके लक्षण तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सकों द्वारा बच्चों को स्वच्छता, हस्त प्रक्षालन की सही विधि, सुपोषण, दिनचर्या, रात्रिचर्या तथा संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी बताया गया।

साथ ही एनसीडी (गैर संचारी रोगों) के लक्षण एवं उनसे बचाव के लिए आहार-विहार, योग और व्यायाम अपनाने की जानकारी दी गई। शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. बीआर नायक, कुमारी किरण तिर्की, फार्मासिस्ट पीतांबर सिंह सहित स्कूल के शिक्षकों और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# कांग्रेस का होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



कांग्रेस के होली मिलन समारोह में उमड़ा उत्साह और एकता का संदेश दिया गया। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्वावधान में रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित सर्कस ग्राउंड के पीछे भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में नागरिक उपस्थित होकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा तथा सभी ने समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज और संगठन को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार हमेशा समाज में एकता, सद्भाव और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह, श्रीमती इंदिरा सेंगर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, जिला महामंत्री शरण सिंह, रफीक मेमन, पूनम सिंह, अनीत दुबे, ध्रुपद चौहान, व्यंकटेश सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण के अध्यक्ष रामनरेश पटेल, खड़गवां अध्यक्ष युधिष्ठिर कमरो, ब्लॉक कांग्रेस मनेन्द्रगढ़ शहर अध्यक्ष सौरव मिश्रा सहित अन्य कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह में सभी ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया और संगठन की मजबूती तथा समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का समापन आपसी भाईचारे और होली की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22 वीं किस्त

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 22 वीं किस्त की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इसका वितरण 13 मार्च को शाम 5 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुवाहाटी, असम से किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से भी किया जाएगा। किसान इस वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ सकते हैं। जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, विकासखंड कार्यालय, पंचायत मुख्यालय, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति और मंडियों में इस अवसर पर पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त